भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3837

सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

शिर्डी के आध्यात्मिक स्थलों को प्रसाद योजना में सम्मिलित करना

3837. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के शिर्डी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संगमनेर तालुका के धंदरफाल गांव में स्थित विट्ठल मंदिर और पीर बाबा दरगाह को और शाहगढ़ किला गांव में स्थित प्रेमगिरि परिसर को प्रसाद योजना में शामिल करके पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) नामक योजना के तहत चिह्नित तीर्थ स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

महाराष्ट्र के शिर्डी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संगमनेर तालुका के धंदरफाल गांव में स्थित विट्ठल मंदिर और पीर बाबा दरगाह तथा शाहगढ़ किला गांव में स्थित प्रेमगिरि परिसर को प्रशाद योजना के तहत शामिल करने का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि, प्रशाद योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र में कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है/चिह्नित किया है जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे द्वारा शिर्डी के आध्यात्मिक स्थलों को प्रसाद योजना में सम्मिलित करने के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3837 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	भौतिक प्रगति %
महाराष्ट्र	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	45.41	29.93	93%

महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची

क्र.सं.	स्थल का नाम
1.	श्री घृष्णेश्वर शिवालय, औरंगाबाद जिला
2.	तुलजापुर, उस्मानाबाद जिला
3.	श्री क्षेत्र राजूर, गणपति मंदिर, जालना जिला

*****